10.01.2026 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने प्रदेश के विकास में बेहतर कानून व्यवस्था के योगदान पर जोर दिया–जयपुर में 10 हजार नवचयनित कॉन्स्टेबल को नियुक्ति पत्र सौंपे।

○ प्रदेश में ऑनलाइन 'घुमन्तु पहचान प्रमाण पत्र' बनाने के लिए 12 जनवरी से सहायता शिविर लगाए जाएंगे।

○ राज्य के कई इलाके तेज ठण्ड की गिरफ्त में–आज 18 जिलों में शीतलहर और कोहरे का ऑरेंज अलर्ट।

○ विकसित भारत यंग लीडर्स डॉयलाग नई दिल्ली में शुरू– युवा कार्य और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा –देश के भविष्य को आकार देने में युवाओं की अहम भूमिका।

000

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि किसी प्रदेश के विकास में कानून व्यवस्था का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था अच्छी होने पर प्रदेश में निवेशक भी निवेश करने में रूचि लेते हैं। श्री शाह आज जयपुर में करीब 10 हजार कॉन्सटेबल को नियुक्ति पत्र वितरण करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में विभिन्न चुनौतियां होने के बावजूद भी कानून व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया है। इसी कारण प्रदेश आज निवेशकों के लिए पसंदीदा जगह बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान का भविष्य उज्जवल है। श्री शाह ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी तरीके से होनी चाहिए। गृह मंत्री ने कहा कि भजनलाल सरकार ने प्रदेश में युवाओं को पेपर लीक से निजात दिलाई है।

000

श्री शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद कुल अपराधों में 14 प्रतिशत जबकि गंभीर प्रकृति के अपराधों में 19 फीसदी की कमी आयी है। भारतीय न्याय संहिता की विशेषताओं का जिक्र करते हुए श्री शाह ने कहा कि नये कानूनों के पूरी तरह लागू होने से आम लोगों को काफी फायदा होगां इससे तारीख से तारीख का सिलसिला भी खत्म होगा।

000

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि उनकी सरकार पुलिस के आधुनिकीकरण के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

गृहमंत्री ने राजस्थान पुलिस अकादमी में मल्टीपर्पज इंडोर हॉल का उदघाटन किया और चूरू के रतननगर थाने को सर्वश्रेष्ठ थाने का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इससे पहले श्री शाह ने जोधपुर में माहेश्वरी समाज के राष्ट्रीय अधिवेशन में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने समाज को समर्पित डाक टिकट जारी किया।

000

प्रदेश में 12 जनवरी से ऑनलाइन 'घुमन्तु पहचान प्रमाण पत्र' बनाने के लिए सहायता शिविर लगाए जाएंगे। ये शिविर 31 जनवरी तक सभी पंचायत समितियों और नगर निकायों में लगाये जायेंगे। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने प्रदेश के घुमन्तु समुदाय के लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए इन शिविरों को लगाये जाने के निर्देश जारी किए हैं। श्री गहलोत ने बताया कि इन शिविरों में पहचान पत्र के साथ–साथ आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और जाति प्रमाण पत्र बनाने की भी व्यवस्था की जाएगी।

000

हनुमानगढ़ जिले के ग्रामीणों और श्रमिकों ने 'विकसित भारत–रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) विधेयक–2025' को मंजूरी मिलने पर खुशी जाहिर की है। श्रमिकों ने सरकार के इस फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए इसका स्वागत किया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मिशन से गांवों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और आजीविका सुरक्षित होगी।

इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगी।

000

परीक्षा पे चर्चा 2026 के लिए चार करोड़ से अधिक ऑनलाइन प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है। यह संख्या पिछले वर्ष के तीन करोड़ पचास लाख से अधिक के गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड को भी पार कर गई है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि परीक्षा पे चर्चा एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन बन गई है, जिसका उद्देश्य युवाओं के लिए तनावमुक्त वातावरण बनाना है। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों से परीक्षा पे चर्चा 2026 में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। श्री प्रधान ने कहा कि परीक्षाओं का समय नजदीक आ रहा है और छात्र, प्रधानमंत्री मोदी के आत्मविश्वास, एकाग्रता और कल्याण पर दिए गए व्याख्यानों के माध्यम से परीक्षा संबंधी तनाव को कम कर सकते हैं।

000

प्रदेश के कई इलाके शीतलहर, कड़ाके की ठंड और घने कोहरे की चपेट में है। कई पूर्वी, उत्तरी और पश्चिमी जिले में तेज सर्दी और शीतलहर के असर से जनजीवन प्रभावित हुआ है। देर सुबह तक कोहरा छाये रहने से सड़क रेल और हवाई यातायात पर असर पड़ा है। बीती रात प्रदेश् के लगभग ज्यादातर स्थानों पर न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। दौसा में सबसे कम 3 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। इसके अलावा, अलवर, पिलानी, जैसलमेर, श्रीगंगानगर, नागौर में भी पारा 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे मापा गया। ज्यादातर जिलों में दिन का तापमान भी सामान्य से नीचे दर्ज किया जा रहा है। आज बाडमेर में भी आज दिनभर ठण्डी हवाओं से ठिठुरन बनी रही।

000

मौसम विभाग ने आज अठारह जिलों के लिए शीतलहर, कोल्ड डे और कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, वहीं चार जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। शीतलहर का असर कल भी जारी रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन–चार दिन शीतलहर और कड़ाके की ठंड से राहत के आसार नहीं है।

000

युवा कार्य और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा  है कि देश के भविष्य को आकार देने में युवाओं की अहम भूमिका है। नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए श्री मांडविया ने कहा कि यह संवाद युवा नेतृत्व को प्रौद्योगिकी, उद्यमिता, शासन, सतत और सामाजिक विकास जैसे क्षेत्रों के समाधान के लिए प्रोत्साहित करेगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि यह डायलॉग 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं की प्रतिभा और रचनात्मकता को पहचानने की एक प्रक्रिया है।

000

इस अवसर पर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने युवाओं से भविष्य में विकसित भारत का नेतृत्व करने के लिए निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने का आह्वान किया।

000

53वां विश्व पुस्तक मेला 2026 आज से नई दिल्ली में शुरू हुआ। नौ दिवसीय इस मेले में 35 से अधिक देशों के एक हजार से अधिक प्रकाशक भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया। श्री प्रधान ने कहा कि पुस्तकें ज्ञान का वाहक हैं जो पीढ़ियों को जोड़ने के साथ ही सभ्यताओं की स्मृतियों को संजोती हैं और समाज को दिशा देती हैं। उन्होंने विश्व पुस्तक मेले को देश की पठन संस्कृति का सबसे बड़ा सार्वजनिक उत्सव बताया।

000

इस वर्ष नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले का विषय है– भारतीय सैन्य इतिहासः वीरता और ज्ञान / 75 इस वर्ष थीम पवेलियन मेले का मुख्य आकर्षण है, जिसमें सैन्य इतिहास पर पांच सौ से अधिक पुस्तकें प्रदर्शित की जा रही हैं और सौ से अधिक थीम आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पुस्तक मेला 18 जनवरी तक चलेगा।